भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

03.12.2025 के

अतारांकित प्रश्न सं. 644 का उत्तर

दिल्ली-रेवाड़ी खंड पर अंडरपास का निर्माण

644. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली-रेवाड़ी खंड पर पालम रेलवे फाटक और शाहाबाद रेलवे फाटक पर अंडरपास का निर्माण कार्य आरंभ हो गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो इसमें विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) इन दो रेलवे फाटकों पर अंडरपास के निर्माण पर कुल कितनी धनराशि व्यय की जा रही है और उक्त अंडरपासों को कब तक पूर्ण किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): दिल्ली-रेवाड़ी खंड पर 18.02 किलोमीटर पर समपार फाटक संख्या 15सी (पालम रेलवे क्रॉसिंग) के स्थान पर निचले सड़क पुल बनाने का कार्य ₹20.48 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। कार्य करने के लिए एजेंसी निर्धारित कर दी गई है और कार्य शुरू कर दिया गया है।

दिल्ली-रेवाड़ी खंड पर 20/9-10 किलोमीटर पर समपार संख्या 17 (शाहबाद रेलवे क्रॉसिंग) के स्थान पर निचले सड़क पुल बनाने का कार्य ₹28.09 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। कार्य का विस्तृत अनुमान स्वीकृत कर दिया गया है और निविदा आमंत्रित की गई है।

किसी भी ऊपरी/निचले सड़क पुल का कार्य का पूरा होना विभिन्न कारकों यथा पहुँच संरेखण निर्धारित करना, सामान्य व्यवस्था आरेख का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, अतिलंघनकारी सेवाओं को स्थानांतरित करना, विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना स्थल/कार्य स्थल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों आदि के कारण परियोजना स्थल/कार्य स्थल के लिए एक वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना/कार्य को पूरा करने के समय को प्रभावित करते हैं।

*****